अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अख़बार

कासगंज: अपोलो कंपनी के नकली पाइप्स व अन्य सामान बरामद

कासगंज, अमृत विचार। अपोलो कंपनी के सुधीर कुमार दुबे क्वालिटी हेड डिवीजन के डिप्टी जनरल मैनेजर ने टीम के साथ मोहनपुरा के समीप एक लोडर टेंपो को रोका। जिसमें कंपनी के नाम से नकली माल मिला। उसे मोहनपुरा पुलिस चौकी में खड़ा कराया गया और तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

क्वालिटी हेड डिवीजन के डिप्टी जनरल मैनेजर सुधीर दुबे ने बताया कि नकली माल मार्केट में बिक्री होने की जानकारी मिली। उन्हें जानकारी मिली कि कंपनी के नाम से नकली मार्ग कहीं जा रहा है। इस पर उन्होंने हिमांशु असिस्टेंट मैनेजर, अनुज शर्मा रीजनल सेल्स मैनेजर, रामकुमार वशिष्ठ सेल्स एंड मार्केटिंग को शामिल कर टीम बनाई। टीम ने मंगलवार की शाम डुकरिया नगला पर लोडर टेंपो को पकड़ा। जिसमें अपोलो कंपनी से मिलते जुलते अनेकों उत्पाद मिले, जो कि नकली थे।

Source: https://www.amritvichar.com/article/540790/kasganj-apollo-companys-fake-pipes-and-other-items-recovered#gsc.tab=0